तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 30 जुलाई 2026

12 उरंदाबेड़ा समेत कई नाले उफान पर दो दर्जन ...



13 जनजीवन खुशहाल खेतों में छाई हरियाली ....





## खबर संक्षेप

### एग्रीस्टेक पोर्टल पर दर्ज होगा नए किसानों का डेटा

**जगदलपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी शुरू हो चुकी है। कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों और तहसीलदारों को जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार इस बार वन पट्टाधारी और डुबान क्षेत्र के ऐसे नए किसानों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिन्होंने बीते वर्ष 2025-26 में अपना पंजीयन नहीं कराया था। समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने के इच्छुक इन नए किसानों के लिए सबसे पहले खाद्य विभाग की आधिकारिक वेबसाइट के खाद्य अधिकारी मॉड्यूल में फार्म आईडी बनाया जाना अनिवार्य किया गया है। इसके लिए किसानों को अपने आधार कार्ड के अनुसार अंग्रेजी में नाम, पिता या पति का नाम, आधार नंबर, मोबाइल नंबर, संबंधित तहसील व गांव का नाम, कम्पार्टमेंट या खसरा नंबर तथा कुल रकबे (हेक्टेयर में) की जानकारी दर्ज करानी होगी। डेटा एंट्री पूरी होने के बाद इन किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन किया जाएगा।

### स्पान संवर्धन योजना से ग्रामीणों को मिल रहा अतिरिक्त रोजगार

**जगदलपुर।** मछली पालन विभाग की स्पान संवर्धन योजना बस्तर जिले के ग्रामीण किसानों के लिए आय का नया माध्यम बन रही है। बस्तर विकासखंड के ग्राम सिवनी की महिला किसान मनकी बघेल ने इस योजना का लाभ उठाकर मात्र दो माह में 15 हजार रुपये की अतिरिक्त आय अर्जित कर मिसाल पेश की है। मत्स्यपालन विभाग ने मनकी बघेल को मई माह में मिश्रित प्रजाति के लगभग 25 हजार स्पॉन शेष पेज 12 पर

### जान जोखिम में डालकर बाइक पार कर रहे लोग

# भारी बारिश से बचेली मार्ग का डायवर्सन टूटा, आवागमन ठप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नकुलनार

जिले में पिछले 48 घंटों से रुक-रुककर हो रही लगातार भारी बारिश का असर अब जनजीवन पर साफ दिखाई देने लगा है। दंतेवाड़ा जिले के नकुलनार-बचेली मुख्य मार्ग पर दुगेली गांव के पास निर्माणाधीन पुल के लिए बनाया गया अस्थायी डायवर्सन तेज बहाव की चपेट में आकर पूरी तरह बह गया। इसके चलते इस महत्वपूर्ण मार्ग पर बड़े वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई है, जबकि दोपहिया वाहन चालक भी जान जोखिम में डालकर किसी तरह पार करने की कोशिश कर रहे हैं। लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जल्द ही दोपहिया वाहनों का आवागमन भी पूरी तरह बंद होने की आशंका है।



जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा दुगेली गांव के पास नए पुल का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य में देरी के कारण अब तक पुल पर स्लैब नहीं डाला जा सका है। इसी वजह से लोगों की आवाजाही बनाए रखने के लिए अस्थायी डायवर्सन तैयार किया गया था, लेकिन लगातार हो रही बारिश और तेज जलप्रवाह के सामने यह टिक नहीं पाया और बह गया।

### जान जोखिम में डाल रहे राहगीर

स्थानीय ग्रामीण सामू बारसा ने बताया कि बुधवार सुबह डायवर्सन टूटने के बाद बड़े वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद हो गया। उन्होंने कहा कि बचेली आने-जाने वाले हजारों लोगों को अब भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुल निर्माण का कार्य एक महीने से अधिक समय से चल रहा है, लेकिन स्लैब नहीं पड़ने के कारण काम अधूरा है और लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। कई बाइक सवार तेज बहाव के बीच जोखिम उठाकर डायवर्सन पार कर रहे थे जबकि भारी वाहन रास्ता बंद होने के कारण वापस लौटने को मजबूर हो गए। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से पुल निर्माण कार्य में तेजी लाने और आवागमन बहाल करने के लिए तत्काल वैकल्पिक एवं सुरक्षित व्यवस्था करने की मांग की है।

# 12 स्कूल बस होंगी ब्लैक लिस्ट, पंजीयन भी निरस्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- 13 स्कूल प्रबंधन के पास 12 स्कूल बस लगभग 12 साल पुरानी

12 साल से पुरानी स्कूल बसों को ब्लैक लिस्ट और उनका पंजीयन निरस्त करने की कार्रवाई क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। उच्च न्यायालय और परिवहन विभाग के कड़े नियमों के अनुसार 12 वर्ष से अधिक पुरानी बसें बच्चों के परिवहन के लिए पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। इस कार्रवाई के तहत आरटीओ की टीम स्कूलों की स्कूल बसों की जांच की, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने वाले 13 स्कूलों की 12 अनफिट स्कूल बसों पर गाज गिरेगी, जिनका फिटनेस सर्टिफिकेट और परमिट तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाएगा। नियमों की अनदेखी करने वाले स्कूल प्रबंधनों और वाहन स्वामियों के वाहनों को ब्लैक लिस्ट पोर्टल पर डाला जाएगा, ताकि वे दोबारा सड़कों पर न चल सकें। बिना शेष पेज 12 पर

# रक्षाबंधन के लिए प्राकृतिक राखियों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



तीज-त्यौहारों के अवसर पर स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके लिए अतिरिक्त आय के अवसर सृजित करने की दिशा में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आड़ावाल द्वारा 21 जुलाई से 26 जुलाई तक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में सातों जनपदों से आई स्व-सहायता समूह की तीस दीदियों को आकर्षक एवं पर्यावरण अनुकूल राखियां बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं ने धान, चावल, लालभाजी के बीज, कुकुम्बर (खीरा) के बीज, मयूर पंख, बांस तथा अन्य सजावटी सामग्री से सुंदर एवं कलात्मक राखियां तैयार करना सीखा। प्रशिक्षकों ने उन्हें डिजाइन चयन, रंग संयोजन, गुणवत्ता, पैकेजिंग और बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार करने की बारीकियों से भी अवगत कराया। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद सभी प्रतिभागी दीदियां अपने-अपने जनपदों में लौटकर समूह की अन्य महिलाओं के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर राखियां तैयार करेंगी। इससे एक ओर स्थानीय स्तर पर हस्तनिर्मित और प्राकृतिक सामग्री से बनी राखियों की उपलब्धता बढ़ेगी, वहीं महिलाओं को त्यौहारी सीजन में अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर भी मिलेगा। प्राकृतिक सामग्री से तैयार ये राखियां पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देती हैं। इन राखियों में स्थानीय संसाधनों का उपयोग होने से बस्तर की पारंपरिक कला और ग्रामीण महिलाओं की रचनात्मकता को भी नई पहचान मिल रही है। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का यह शेष पेज 12 पर

# बस्तर सांसद ने उठाया रावघाट रेल परियोजना का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



- नई ट्रेन सेवाओं जगदलपुर स्टेशन के आधुनिकीकरण का मुद्दे

बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने लोकसभा में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बस्तर की रेल कनेक्टिविटी और यात्री सुविधाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रश्न उठाए। सांसद महेश कश्यप ने रावघाट जगदलपुर रेल परियोजना की वर्तमान प्रगति, बस्तर से नई ट्रेन सेवाएं शुरू करने के प्रस्ताव, किरंदुल विशाखापट्टनम रेलखंड पर यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा जगदलपुर रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाओं से विकसित करने की योजना के संबंध में जानकारी मांगी। रेल मंत्री ने अपने उत्तर में बताया कि रावघाट जगदलपुर नई रेल लाइन ( लम्बाई 140 किमी) परियोजना 3513 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृत है। परियोजना के लिए आवश्यक 818 हेक्टेयर भूमि में से 249 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। जगदलपुर, पल्ली, कुड़कानार खंड में निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुके हैं, जबकि रावघाट कुरकानार खंड में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है। रेल मंत्री ने यह भी बताया कि बस्तर क्षेत्र की रेल संपर्क व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए कई नई रेल लाइनों का सर्वेक्षण किया गया है। साथ ही वर्तमान में जगदलपुर से 10 तथा दंतेवाड़ा एवं किरंदुल से 4-4 रेल सेवाएं संचालित हो रही हैं, नई ट्रेनों का संचालन परिचालन क्षमता एवं आवश्यकता के आधार पर किया जाएगा। जगदलपुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन शेष पेज 12 पर

### यात्री सुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित

सांसद श्री कश्यप ने कहा कि बस्तर में रेल नेटवर्क का विस्तार, नई ट्रेन सेवाओं की शुरूआत तथा आधुनिक यात्री सुविधाओं का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि आजादी के बाद लंबे समय तक कांग्रेस सरकारों ने बस्तर की उपेक्षा की। यदि समय रहते बस्तर को रेल मार्ग के माध्यम से राजधानी रायपुर से प्रभावी रूप से जोड़ दिया गया होता, तो क्षेत्र का विकास और अधिक तेज गति से होता। सांसद ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सहयोग से बस्तर की रेल अधोसंरचना को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा तथा क्षेत्र में बेहतर रेल संपर्क और यात्री सुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित किया जाएगा।



## खबर संक्षेप



### पुलिस द्वारा विद्यालय में यातायात जागरुकता कार्यक्रम आयोजित


**केशकाल।** पुलिस द्वारा बुधवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी माध्यम विद्यालय, केशकाल में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा तथा अनुविभागीय अधिकारी अरुण नेताम के मार्गदर्शन में केशकाल थाना पुलिस ने आयोजित किया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक विकास बघेल ने विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने, बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस वाहन न चलाने, तीन सवारी न बैठाने, तेज गति एवं लापरवाही से वाहन न चलाने तथा यातायात संकेतों का पालन करने के संबंध में जागरूक किया गया। ऐसे विद्यार्थियों को समझाइश दी गई जो स्कूटी अथवा मोटरसाइकिल से विद्यालय आते हैं। उन्हें बताया गया कि नाबालिग द्वारा वाहन चलाना कानूनन अपराध है। यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी एवं वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के अभिभावकों तक भी मोबाइल संदेश के माध्यम से अपील प्रेषित की गई कि वे अपने बच्चों को बिना वैध लाइसेंस दोपहिया वाहन न चलाने दें तथा हमेशा हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाने के लिए प्रेरित करें। पुलिस द्वारा आमजन एवं विद्यार्थियों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर स्वयं एवं अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की गई। विद्यालय प्रबंधन ने भी इस जनजागरूकता अभियान की सराहना करते हुए पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया।

### राज्य स्तरीय प्रयास योजना में चयनित इंद्रजीत का सम्मान



**कोण्डागांव।** विकासखंड माकड़ी के उच्च प्राथमिक विद्यालय डोंगरीगुड़ा बिंजोली के प्रतिभाशाली छात्र इंद्रजीत बघेल के राज्य स्तरीय प्रयास योजना में चयनित होने पर ग्राम पंचायत भवन में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में जनपद उपाध्यक्ष वैशाखु कोर्राम, सरपंच चंदूलाल बघेल, शिक्षकों और ग्रामीणों ने छात्र का सम्मान करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जनपद उपाध्यक्ष और सरपंच ने इंद्रजीत को 5 हजार, प्रधान अध्यापक भोलानाथ सूर्यवंशी ने अपनी ओर से 5 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। इस प्रकार छात्र को कुल 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी गई। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य नरेंद्र राठौर, शिक्षकगण, पालक, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रधान अध्यापक भोलानाथ सूर्यवंशी ने कहा कि इंद्रजीत शुरू से ही मेहनती, अनुशासित और मेधावी छात्र रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद उसने अपनी मेहनत के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। वक्ताओं ने कहा कि इंद्रजीत की सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है और यह ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा बनेगी कि कठिन परिश्रम से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।

### खड़पड़ी स्कूल में महर्षि वेदव्यास जयंती मनी



**कोण्डागांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़पड़ी में महर्षि वेदव्यास जयंती के अवसर पर गुरु पूर्णिमा का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं पूजा–अर्चना कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संकुल समन्वयक राजमान कश्यप ने कहा कि गुरु पूर्णिमा महर्षि वेदव्यास के ज्ञान, संस्कार और आदर्शों को स्मरण करने का पर्व है। उन्होंने सभी से गुरु के बताए मार्ग पर चलकर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्राचार्य नीलम सिंह ठाकुर ने कहा कि गुरु के बिना जीवन में सही दिशा और सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती। गुरु ही अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। व्याख्याता प्रमोद कुमार राठौर ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी गुरुओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके ज्ञान, आशीर्वाद और मार्गदर्शन को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताया। कार्यक्रम का संचालन भारत राम ने किया। आभार प्रदर्शन सुरेश कुमार कुजूर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती श्रेया देवी ठाकुर, सुश्री दिव्या ठाकुर सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# शहीदों को दी श्रद्धांजलि, 510 पौधों का पौधारोपण, उत्कृष्ट जवान हुए सम्मानित

## 188वीं बटालियन सीआरपीएफ ने धूमधाम से मनाया 88वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ की 188वीं बटालियन ने सोमवार को 88वां स्थापना दिवस पूरे उत्साह, गरिमा और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, जवानों एवं उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत कमांडेंट नीतीन्द्रनाथ के नेतृत्व में क्वार्टर गार्ड पर सेरेमोनियल गार्ड के निरीक्षण एवं सलामी ग्रहण करने के साथ हुई। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग–30 स्थित मुख्यालय के समीप बने शहीद स्मारक पर बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त कराने के अभियान में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर अधिकारियों एवं जवानों को पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। समारोह के दौरान सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले जवानों एवं कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कमांडेंट नीतीन्द्रनाथ ने अपने संबोधन में सीआरपीएफ के 88 वर्षों के गौरवशाली इतिहास, अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र सेवा की परंपरा को याद करते हुए सभी अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों एवं उनके परिवारजनों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### 510 पौधों का किया गया पौधारोपण

भारत सरकार के वृहद पौधारोपण अभियान के अंतर्गत 188वीं बटालियन द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए लगभग 510 फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम मुख्यालय चिकलपुट्टी कैंप, कोंडागांव के साथ–साथ वाहिनी की अन्य समवायों केशकाल जिला कोंडागांव, पालेम, मारीपारा जिला सुकमा तथा पुसपालघाट जिला बस्तर में भी आयोजित किया गया।



### अधिकारियों की रही उपस्थिति

समारोह में उप कमांडेंट दीपक सिंह, उप कमांडेंट मुकेश, चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल चन्द्रन आर.पी. सहित 188वीं बटालियन के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में जवान उपस्थित रहे। वाहिनी की दूरस्थ क्षेत्रें में तैनात सभी कंपनियों में भी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सीआरपीएफ की 188वीं बटालियन का यह आयोजन वीर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि, पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता और राष्ट्र सेवा के संकल्प का प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आया।

## झमाझम बारिश से फरसगांव क्षेत्र में जनजीवन प्रभावित

# उरंदाबेड़ा समेत कई नाले उफान पर दो दर्जन से अधिक गांवों का संपर्क टूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव/कोण्डागांव

कोंडागांव जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से फरसगांव विकासखंड में जनजीवन प्रभावित हो गया है। उरंदाबेड़ा नाला सहित कई छोटे-बड़े नाले उफान पर हैं, जिससे फरसगांव आने-जाने वाले प्रमुख मार्ग बाधित हो गए हैं। तेज बहाव के कारण दो दर्जन से अधिक गांवों का मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। ग्रामीणों व राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

■ ग्रामीणों ने फिर उठाई बड़े पुलिस निर्माण की मांग

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि पानी कम होने तक उफनते नालों को पार करने का प्रयास न करें तथा सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग का ही उपयोग करें। लगातार बारिश के चलते नदी-नालों का जलस्तर बढ़ रहा है, इसलिए विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।उरंदाबेड़ा क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष बरसात में इस नाले में तेज बहाव के कारण आवागमन ठप हो जाता है। ग्रामीणों ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रशासन से बड़े पुल के निर्माण की मांग की है, ताकि बारिश के मौसम में लोगों को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।



### पानी ऊपर होने पर नदी- नाला न करें पार

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि नदी- नालों, रपटा- पुल में पानी ज्यादा होने पर पार न करें। जब तक पानी उतर न जाएं इंतजार करें। वाहनों को जबरदस्ती पुल-रपटा में ऊपर से चल रहे पानी के अंदर ना ले जाएं, सावधानी बरतें।

### एसडीएम ने किया निरीक्षण

फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम ने बाढ़ की स्थिति का निरीक्षण कर कोटवारों, पटवारियों और पंचायत सचिवों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मुनादी कराने, लोगों को घरों से अनावश्यक बाहर नहीं निकलने, नदी-नालों को पार न करने तथा जलस्तर बढ़ने वाले स्थानों पर तत्काल बेरिकेडिंग लगाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने लंजोड़ा माटियापारा-भंवरडिंग नदी के रपटा का निरीक्षण कर वहां बैरिकेडिंग कराई और लोगों के आवागमन पर रोक लगाने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### उफनते नदी–नालों को पार न करने की अपील

जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण संभावित बाढ़ और आपदा की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी परिस्थिति में जलमग्न पुल, रपटों अथवा उफनते नदी–नालों को पार करने का प्रयास न करें। सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करने का आग्रह किया गया है। मानसून अवधि के दौरान आपातकालीन सहायता के लिए जिला कार्यालय के कक्ष में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इसका दूरभाष क्रमांक निर्धारित किया गया है। प्रशासन ने नागरिकों से कहा है कि बाढ़ अतिवृष्टि, जन–धन की हानि, मार्ग अवरुद्ध होने या किसी अन्य आपात स्थिति में तत्काल बाढ़ नियंत्रण कक्ष को सूचना दें, ताकि त्वरित राहत एवं सहायता उपलब्ध कराई जा सके।



### नारंगी नदी उफान पर, कोंडागांव जोंधरापदर नारायणपुर मार्ग बंद

जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते नारंगी नदी का जलस्तर बढ़ने से कोंडागांव जोंधरापदर नारायणपुर मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया है। नदी का पानी पुल के ऊपर लगभग एक फीट तक बहने के कारण जिला प्रशासन ने एहतियातन यह निर्णय लिया है। स्थिति की जानकारी मिलते ही एसडीएम अजय उरांव एवं तहसीलदार मनोज रावटे मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने नदी के दोनों ओर बैरिकेडिंग कर मार्ग को तत्काल बंद कराया। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने मौके पर नगर सैनिकों की तैनाती की है, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बंद मार्ग पर आवागमन न करें तथा प्रशासन द्वारा जारी सभी निर्देशों का पालन करें।

## श्रम मंत्री देवांगन ने कोपाबेड़ा शिव मंदिर में की पूजा-अर्चना

गुरु पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने एक दिवसीय कोंडागांव प्रवास के दौरान कोपाबेड़ा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में विधिवत पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर उन्होंने आश्रम के प्रथम गुरु शिवानंद महाराज का भी श्रद्धापूर्वक पूजन किया। पूजन कार्यक्रम में पूर्व विधायक सेवकराम नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, दीपेश अरोरा, जितेन्द्र सुराना, कुलवंत चहल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंदिर दर्शन से पूर्व श्रम मंत्री ने सर्किट हाउस में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर कृषि कार्यों की प्रगति, खाद–बीज की उपलब्धता, वर्षा की स्थिति तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

**ये रहे मौजूद:** बैठक में पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर तथा एसडीएम अजय उरांव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# संत रविदास जयंती पर समरसता अभियान का हुआ आगाज, भाजपा ने बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती पर आयोजित होने वाले समरसता संकल्प अभियान, हर घर तिरंगा अभियान एवं तिरंगा यात्रा को लेकर भारतीय जनता पार्टी की संयुक्त जिला कार्यशाला मंगलवार को जिला कार्यालय अटल सदन में आयोजित की गई। कार्यशाला में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करते हुए पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यशाला के बाद आयोजित प्रेसवार्ता को बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी तथा कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने संबोधित किया। विधायक लता उसेंडी ने बताया कि संत रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 29 जुलाई से 15 जनवरी तक देशव्यापी समरसता संकल्प अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान की शुरुआत संत रविदास जी की जन्मस्थली वाराणसी से होगी और विभिन्न चरणों के माध्यम से इसे पूरे देश में संचालित किया जाएगा। लता उसेंडी ने कहा कि अभियान के दौरान संत रविदास की जन्मभूमि की पवित्र मिट्टी कलश के माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंचाई जाएगी। जिले में भी मंदिरों से कार्यक्रमों की शुरुआत होगी, जहां दीप प्रज्वलन, संत रविदास की वाणी एवं पदों का वाचन तथा धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने समाज को समानता, समरसता और सामाजिक कुरीतियों से ऊपर उठकर एकजुट रहने का संदेश दिया था, जिसे जन–जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि कार्यशाला में मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गई हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान संत रविदास जी के विचारों और समाज सुधार में उनके योगदान को व्यापक रूप से लोगों तक पहुंचाया जाएगा।



### बड़ी संख्या में मौजूद रहे पदाधिकारी और कार्यकर्ता

कार्यशाला में भाजपा जिला अध्यक्ष सेवक नेताम, जिला प्रभारी वेंकट राव, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, नरपति पटेल, जसकेतु उसेंडी, बिहारीलाल शोरी, संगीता पोयाम, जितेंद्र सुराना, आकाश मेहता, विजय पोया, अनिल अग्रवाल सहित पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यशाला में संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करते हुए आगामी अभियान और राष्ट्रीय कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विशेष जोर दिया गया।

### हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा की भी तैयारी

विक्रम उसेंडी ने बताया कि समरसता अभियान के साथ–साथ आगामी दिनों में हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा भी आयोजित की जाएगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती, गांधी जयंती सहित विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों में भी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

## दिव्यांगजनों को स्वरोजगार ऋण देने में लाएं तेजी: लोकेश

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने कोण्डागांव प्रवास के दौरान विश्राम गृह में विभागीय अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों की बैठक लेकर दिव्यांगजनों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में अध्यक्ष ने बाजारपारा निवासी गणेशमल पारख को किराना स्टोर स्थापित करने के लिए यूनियन बैंक के माध्यम से 2.50 लाख रुपये का ऋण 24 घंटे के भीतर स्वीकृत एवं वितरित करने के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने बताया कि जिले के 15 अन्य दिव्यांगजनों के ऋण प्रकरण भी बैंक को भेजे जा चुके हैं। उन्होंने शेष पात्र आवेदनों पर भी शीघ्र कार्रवाई कर स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। श्री कावड़िया ने अधिकारियों से कहा कि 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले पात्र व्यक्तियों को निगम की ऋण योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त किए जाएं, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।



## जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनीं आमजनों की मांगें, समस्याएं

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रें से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं और मांगें सुनीं। उन्होंने सभी आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को समय–सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम कोकोड़ी की श्रीमती हेमिन बाई ने महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने की मांग की। वहीं ग्राम करण्डी के रैसिंग मण्डावी ने वनाधिकार पट्टा प्रदान करने के लिए आवेदन सौंपा। ग्राम नेवता के हरिलाल मरकाम और प्रभुराम मरकाम ने खसरा संशोधन कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनदर्शन में राजस्व प्रकरणों के निराकरण, वनाधिकार पट्टों की मांग, आवागमन की सुविधा सहित विभिन्न जनसमस्याओं से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी मामलों में त्वरित कार्रवाई कर आम नागरिकों को समय पर राहत देने के निर्देश दिए।



## पेज 11 के शेष

### 12 स्कूल बस ....

फिटनेस, वैध इंश्योरेंस और पीयूसी के चल रही ऐसी स्कूल बसों पर आरटीओ द्वारा चालान और जुर्माना लगाया जा रहा है। स्कूल बस किसी भी स्थिति में 12 साल से पुरानी नहीं होनी चाहिए। स्कूल प्रबंधक को देंगे नोटिस : संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि बच्चे के साथ खिलवाड़ करने वाले स्कूल प्रबंधक पर नोटिस दिया जा रहा है और इसकी सूचना जिला शिक्षा अधिकारी को दी जाएगी।

### स्पान संवर्धन योजना से ...

उपलब्ध कराए। इसके साथ ही तालाब की उर्वरता बढ़ाने के लिए खाद तथा स्पान के आहार के रूप में खल्ली भी निःशुल्क प्रदान की गई। मनकी ने अपने परिवार के एक एकड़ क्षेत्र में स्थित दो तालाबों में स्पॉन का संवर्धन किया। नियमित रूप से भोजन देने, जाल चलाकर निगरानी करने और उचित देखभाल के कारण कम समय में ही उच्च गुणवत्ता की मत्स्य अंगुलिकाएं तैयार हो गईं। मछलीपालन विभाग ने अंगुलिकाओं की पैकेजिंग और विपणन के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर, पॉलिथीन बैग, बोरी तथा निःशुल्क जाल भी उपलब्ध कराया, जिससे तैयार मत्स्य बीज को सुरक्षित रूप से बाजार तक पहुंचाना आसान हो गया।

### रक्षाबंधन के लिए....

प्रयास केवल कौशल विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस रक्षाबंधन पर बाजार में स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा तैयार की गई आकर्षक और पर्यावरण हितैषी राखियां लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बनने की उम्मीद है।

### बस्तर सांसद ने ...

योजना के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है। यहां नए स्टेशन भवन,फुट ओवरब्रिज, प्लेटफॉर्म उन्नयन, प्रतीक्षालय, शौचालय, प्लेटफॉर्म शेल्टर सहित कई विकास कार्य पूरे हो चुके हैं तथा अन्य कार्य प्रगति पर हैं।



खबर संक्षेप

## अब तक का 599.5 मिमी वर्षा दर्ज

बीजापुर। कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी तहसीलों में एक जून से अब तक 484.3 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक 599.5 मिमी वर्षा कुटरू में दर्ज की गई है। इसी तरह 598.3 मिमी. वर्षा भैरमगढ़ में, 587.1 मिमी वर्षा बीजापुर में, 434.2 मिमी. वर्षा भोपालपटनम में, 432.3 मिमी. वर्षा गंगालूर में एवं उसूर में 254.2 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है।

## तकनीकी खामियों से वेतन कटौती अनुचित

**गीदम**। प्रदेश में शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के लिए संचालित वीएसके ऐप में आ रही तकनीकी समस्याओं को लेकर शालेय शिक्षक संघ ने शासन एवं शिक्षा विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया है। संघ के जिला अध्यक्ष संतोष मिश्रा तथा प्रांतीय पदाधिकारी शैलेश सिंह एवं कुलदीप सिंह, प्रमोद भदौरिया ने कहा है कि तकनीकी कारणों से उपस्थिति दर्ज न हो पाने को शिक्षक की अनुपस्थिति मानना न्यायोचित नहीं है। संघ पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शिक्षक डिजिटल उपस्थिति प्रणाली के विरोधी नहीं हैं, बल्कि वे ऐसी व्यवस्था के पक्षधर हैं जो विश्वसनीय और सुचारु रूप से कार्य करे। वास्तविक उपस्थिति के बावजूद यदि तकनीकी कारणों से ऐप में उपस्थिति दर्ज नहीं होती, तो उसकी जिम्मेदारी शिक्षक पर नहीं डाली जानी चाहिए। संघ के अनुसार विभिन्न शालाओं में निम्न समस्याएं सामने आ रही हैं जिनमें जीपीएस लोकेशन सही से कैप्चर न होना, विद्यालय और ऐप लोकेशन में अंतर, कमजोर नेटवर्क एवं कनेक्टिविटी समस्या, सर्वर में देरी एवं तकनीकी बाधा, हैंग होना एवं लॉगिन समस्या, समय पर उपस्थिति दर्ज न हो पाना है। इन परिस्थितियों में केवल डिजिटल रिकॉर्ड के आधार पर अनुपस्थिति मानना उचित नहीं है।



# अमर शहीदों के सम्मान में राष्ट्रभक्ति नारों से गूंजा लौहनगरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक किरंदुल शाखा द्वारा गांधी भवन इंटक श्रमिक सदन में भावपूर्ण एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया तथा कारगिल के अमर वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

■ पुष्प और मोमबत्तियों से दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के विशाल प्रतिमा एवं कारगिल युद्ध के अमर शहीदों के चित्र पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक एम सुब्रमण्यम, यूनियन के अध्यक्ष विनोद कश्यप, नगर पालिका के उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी के कर कमलों से माल्यार्पण एवं मोमबत्तियां प्रज्वलित करते हुए उपस्थित अतिथियों एवं जन प्रतिनिधियों, यूनियन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने श्रद्धासुमन से पुष्प अर्पित करते हुए मोमबत्तियां प्रज्वलित किए। इसके पश्चात दो मिनट का मौन रखकर मातृभूमि की रक्षा हेतु अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान पूरा गांधी भवन राष्ट्रभक्ति, सम्मान एवं गौरव की भावना से सराबोर दिखाई दिया। मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन के सचिव एके सिंह ने कहा कि 26 जुलाई 1999 भारतीय इतिहास का स्वर्णिम दिवस है। इसी दिन भारतीय सेना के वीर जवानों ने अदम्य साहस, अद्वितीय शौर्य, अटूट राष्ट्रभक्ति एवं अपराजेय संकल्प का परिचय देते हुए दुश्मनों को परास्त कर कारगिल की दुर्गम एवं बर्फीली चोटियों पर पुनः तिरंगा फहराया था। यह विजय केवल एक सैन्य सफलता नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता, स्वाभिमान एवं संप्रभुता की रक्षा का अमर प्रतीक है। कारगिल के अमर शहीदों का सर्वोच्च बलिदान सदैव राष्ट्र के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। सीमाओं की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों का त्याग, समर्पण, अनुशासन एवं राष्ट्रप्रेम प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। हम सभी का कर्तव्य है कि उनके आदर्शों का अनुसरण करते हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें तथा देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को और अधिक सुदृढ़ बनाने का संकल्प लें।



इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में अमर शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए राष्ट्रसेवा, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम, अमर शहीद अमर रहें तथा जय हिंद के गगनभेदी नारों से पूरा गांधी भवन देशभक्ति के रंग में रंग उठा। वातावरण में वीर सैनिकों के प्रति सम्मान, गर्व एवं राष्ट्रप्रेम का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने कहा कि कारगिल के वीर सैनिकों का सर्वोच्च बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव साहस, स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता रहेगा। मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) द्वारा आयोजित यह श्रद्धांजलि सभा न केवल अमर शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर बनी, बल्कि समाज में राष्ट्रीय चेतना, एकता, भाईचारे और देशभक्ति की भावना को भी और अधिक सुदृढ़ करने का माध्यम बनी।

### दो दिनों की झमाझम बारिश से खिले चेहरे

# जनजीवन खुशहाल, खेतों में छाई हरियाली से किसान गदगद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड़

बीजापुर जिले में पिछले दो दिनों से हो रही झमाझम बारिश ने पूरे क्षेत्र का मिजाज बदल दिया है। मूसलाधार फुहारों और ठंडी हवाओं के चलते तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से पूरी तरह राहत मिली है।

■ खेत-खलिहान पानी पहुंच चुका, अन्नदाताओं में दौड़ी खुशी की लहर

राहत की बात यह है कि इस झमाझम बारिश के बीच जिले में जनजीवन पूरी तरह सामान्य और सुखद बना हुआ है। कहीं से भी किसी प्रकार के नुकसान या जनहानि की खबर नहीं है। मौसम में आए इस बेहतरीन बदलाव से जनमानस के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भी बड़ी राहत मिली है। दो दिनों से जारी झमाझम बारिश खेती-किसानी के लिए संजीवनी साबित हुई है। खेत-खलिहान पानी खेत तक पहुंच गया जोताई योग्य खेत हो गए हैं और जमीन के भीतर तक नमी पहुंच चुकी है। जो किसान अब तक बारिश का इंतजार कर रहे थे, उनके चेहरे अब खिल उठे हैं। मानसून के इस रौद्र और सुखद रूप को देखकर अन्नदाता पूरी तरह गदगद हैं और पूरे उत्साह के साथ कृषि कार्यों में जुट गए हैं।



### खेतों में शुरू हुई बुआई और रोपाई

झमाझम बारिश के साथ ही किसान भाइयों ने खेतों की ओर रुख कर लिया है। क्षेत्र के किसानों ने खरीफ फसल के लिए धान का बीज, खाद और जरूरी दवाइयां पहले से ही जुटा ली थीं। अब खेतों में पानी का इंतजार था जो अब खत्म हो चुका है। बुआई और थरहा (थरहा रोपाई) की तैयारियों की ओर किसान खेती कार्य में जुट कर खेती की ओर ध्यान देना शुरू कर दिया हैं। दो दिनों की इस झमाझम बारिश ने हमारी सारी चिंताएं दूर कर दी हैं। खेत खलियानों तक पानी पहुंच रहा हैं धीरे धीरे ओर खेत जुताई बुआई, रोपा फसल तैयारी लायक पानी बरसा हैं। ग्रामीण किसानों का कहना है कि इंद्रदेव की कृपा से इस बार फसल बहुत अच्छी होने की उम्मीद है, हम पूरे उत्साह से काम में जुट गए हैं। फिलहाल, बीजापुर के आसमान में काली घटाएं छाई हुई हैं और रिमझिम का दौर जारी है। इस झमाझम बारिश ने न सिर्फ मौसम को सुहाना बनाया है, बल्कि बीजापुर के अन्नदाताओं के चेहरों पर एक नई चमक और मुस्कान बिखेर दी है।

# ऑनलाइन अटेंडेंस से मिलेगी सैलरी ई-ऑफिस से चलेगी हर फाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

विभागवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को नियमित अनुश्रवण और संवेदनशीलता के साथ प्रत्येक आवेदन का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि केवल कागजी कार्रवाई नहीं, बल्कि आवेदक की वास्तविक संतुष्टि ही प्रशासन की सफलता का पैमाना होगी।

प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता सुनिश्चित करने की दिशा में कलेक्टर अमित कुमार लगातार प्रभावी पहल कर रहे हैं। मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में उन्होंने जनसरोकार से जुड़े लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक समाधान ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

■ कलेक्टर ने पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन की दिशा में उठाया बड़ा कदम



### केवल कागजी कार्रवाई से नहीं चलेगा कामः कलेक्टर

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, सुशासन तिहार एवं पीजीएन पोर्टल के लंबित मामलों की विभागवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को नियमित अनुश्रवण और संवेदनशीलता के साथ प्रत्येक आवेदन का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि केवल कागजी कार्रवाई नहीं, बल्कि आवेदक की वास्तविक संतुष्टि ही प्रशासन की सफलता का पैमाना होगी।

### लंबित मामलों का दें पहली प्राथमिकता

बैठक के दौरान अधिक लंबित प्रकरण वाले विभागों के अधिकारियों से जवाब-तलब करते हुए कलेक्टर ने सभी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब नहीं होने देने की सख्त हिदायत दी। वर्षाकाल को देखते हुए कलेक्टर ने विद्युत, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा सहित सभी विभागों को मैदानी स्तर पर सक्रिय रहकर जनसमस्याओं का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुशासन का वास्तविक अर्थ आम नागरिक तक योजनाओं और सेवाओं का समय पर लाभ पहुंचाना है।

### ऐसे में समयबद्ध सेवाएं होगी उपलब्ध

सुकमा जिले में प्रशासनिक अनुशासन, तकनीक आधारित कार्यप्रणाली और जनकेंद्रित शासन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। ऑनलाइन अटेंडेंस और ई-ऑफिस व्यवस्था जैसे निर्णय न केवल सरकारी कामकाज को अधिक पारदर्शी बनाएंगे, बल्कि कर्मचारियों की जवाबदेही बढ़ाने और आम जनता को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने में भी अहम भूमिका निभाएंगे।

### अनावश्यक विलंब पर जवाबदेही होगी तय

प्रशासनिक व्यवस्था में अनुशासन और पारदर्शिता लाने के लिए कलेक्टर ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को प्रतिदिन सुबह 10 बजे कार्यालय पहुंचकर तथा शाम 5.30 बजे कार्यालय से प्रस्थान के समय ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में वेतन का भुगतान ऑनलाइन उपस्थिति के आधार पर किया जाएगा। साथ ही सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली को पूर्ण रूप से लागू कर फाइलों का संपूर्ण संचालन ऑनलाइन माध्यम से करने के निर्देश दिए, जिससे कार्यों में अनावश्यक विलंब समाप्त हो और जवाबदेही तय हो सके।



## 231 वीं बटालियन ने मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

231 बटालियन द्वारा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का 88वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सुनील भवर कमाण्डेन्ट 231 बटालियन द्वारा सर्वप्रथम शहीदों को नमन किया गया एवं क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली। इस अवसर पर विशेष सैनिक सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें कमाण्डेन्ट ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस की शौर्य गाथाओं से जवानों को अवगत कराया तथा उपस्थित जवानों व अधिकारियों को केरिपुबल के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं तथा मिठाईयां वितरित की गईं। इस अवसर पर पौधरोपण भी किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में वाहिनी के जवानों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया तथा जवानों ने रोपे गए पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। दंतेवाड़ा रेंज केरिपु बल के तत्वधान में आयोजित रक्तदान शिविर में अधिकारियों एवं अन्य कार्मिकों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान दिया। इस अवसर पर सांयकाल में फुटबाल मैच आयोजित किया गया जिसमें वाहिनी के खिलाड़ियों ने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया तथा उपस्थित दर्शकों ने पूरे जोश के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इसके उपरांत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कलाकारों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। तदुपरांत, बड़े खाने का आयोजन किया गया, जिसमें सभी जवान अनुशासन तथा हर्ष के साथ सम्मिलित हुए। इस अवसर पर सौरभ रॉय द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ. सुब्रता मण्डल मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संजय कुमार पूनिया उप कमाण्डेंट, सुनिल कुमार सिंह उप. कमाण्डेन्ट एवं डॉ. मनमोहन मीणा, चिकित्सा अधिकारी तथा बड़ी संख्या में वाहिनी के कार्मिक उपस्थित रहे।

# शैक्षिक वातावरण सुदृढ़ करने 8 प्रस्ताव पारित

हरिभमि न्यूज ▶▶| बस्तर

पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय सेजेस बस्तर में नवगठित शाला प्रबंधन समिति की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष किरण सेठिया ने की।

बैठक की शुरुआत में नव नियुक्त अध्यक्ष किरण सेठिया, उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार तिवारी एवं समस्त उपस्थित सदस्यों को निर्वाचन के लिए शुभकामनाएं दी गई। अध्यक्ष

■ पीएमश्री सेजेस बस्तर में शाला प्रबंधन समिति की हुई बैठक

किरण सेठिया ने कहा कि हम सब मिलकर पीएमश्री सेजेस बस्तर को जिले का आदर्श विद्यालय बनाएंगे। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। वहीं उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि हमें संस्था के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर कार्य करने होंगे और हर निर्णय में पारदर्शिता रखनी होगी।



बैठक में शैक्षिक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। परीक्षा परिणाम सुधारने, कमजोर विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं लगाने एवं डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। विद्यालय की आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए भवन मरम्मत, पेयजल, शौचालय व कक्षा कक्षों को बेहतर बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त का कार्यक्रम सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रभात फेरी एवं ध्वजारोहण के साथ भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही शासन द्वारा संचालित साइकिल वितरण कार्यक्रम में पात्र छात्र-छात्राओं की सूची समय पर तैयार कर वितरण सुनिश्चित करने पर सहमति बनी। विद्यालय में शिक्षकों की रिक्त सीटों को शीघ्र भरवाने हेतु उच्चाधिकारियों को पत्राचार करने का प्रस्ताव भी पारित हुआ। अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में भृत्य की कमी को देखते हुए विभाग से शीघ्र नियुक्ति की मांग करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बालवाड़ी के संचालन, पठन-पाठन सामग्री एवं छोटे बच्चों की सुविधाओं को बेहतर बनाने पर भी विचार किया गया। समिति ने संकल्प लिया कि अगले 6 माह में विद्यालय को जिले में शैक्षणिक उपलब्धियों में अग्रणी बनाया जाएगा। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी, प्राचार्य पीआर लाउत्रे, प्रभारी प्राचार्य कुलेश्वर यादव, पार्षद समीर मिश्रा सहित एसएमसी सदस्य नरसिंह नाग, हेमराज बघेल, नीलांबर बिसाई, पुरुषोत्तम दिवान, कमलेश नागे, माया यादव, योगिता नाग, पिंकी कश्यप, लोकेश साहू, सेवती बघेल एवं समस्त शिक्षकगण व पालकगण उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

आषाढ़ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा विक्रम संवत 2023, युगाब्द 5128 के पावन अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में गुरु पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर गुरु-शिष्य परंपरा की महिमा से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ व्यास महाराज के छायाचित्र एवं भगवा ध्वज की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। आचार्यों ने दीप प्रज्वलित कर व्यास पीठ को नमन किया। इस अवसर पर आचार्यों ने भैया-बहनों को बताया कि आज ही के दिन महर्षि वेदव्यास जी का जन्म हुआ था। उनके पिता का नाम पराशर मुनि और माता का नाम सत्यवती था। व्यास जी ने चारों वेदों का संकलन किया तथा 18 पुराण, महाभारत एवं श्रीमद् भागवत कथा की रचना कर मानव समाज को ज्ञान का अमूल्य भंडार दिया। इसी कारण आषाढ़ पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। विद्यालय के व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु परंपरा भारत की प्राचीन और पवित्र परंपरा है। प्रथम गुरु माता-पिता होते हैं जो हमें संस्कार देते हैं। इसके बाद ज्ञान अर्जन कराने वाले गुरुजी जीवन की दिशा तय करते हैं। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य सन 1987 से निरंतर सेवा दे रहे हैं।

**आम सूचना**

**(ग्राम कंगोली, प.ह.नं. 3, रा.नि.मं. जगदलपुर तहसील जगदलपुर जिला बस्तर स्थित खसरा नं. 69/24/4/क रकबा 0.0490, खसरा नम्बर 69/24/4/ख रकबा 0.0440 हेक्टेयर एवं खसरा नम्बर 69/24/4/ग रकबा 0.0440 हेक्टेयर, खसरा नम्बर 69/24/13/क रकबा 0.2700 हेक्टेयर, में से श्रीमती अर्चना वज्जलवार एवं यशराज वज्जलवार के हिस्से की भूमि 0.284 हेक्टेयर एवं परिवर्तित क्षेत्रफल 279 वर्गफुट भूमि के संबंध में)**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण श्री राम सिंह पिता बच्चा सिंह, अमरनाथ सिंह पिता स्व. सत्यदेव सिंह, दोनों निवासी कंगोली, एल.आई.सी. रोड जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. के निर्देशानुसार उपर वर्णित संपदा में से अपने हिस्से की भूमि को श्री किरण वज्जलवार पिता श्री मधुकर राव वज्जलवार जाति ब्राम्हण निवासी कोनी रोड, सिंचाई कॉलोनी नेहरू नगर बिलासपुर के द्वारा मेरे पक्षकार क्रमांक 01 के पिता स्व. बच्चा सिंह पिता स्व. जगतपाल सिंह एवं श्री अमर नाथ सिंह पिता सत्यदेव सिंह के साथ विक्रय करने का सौदा पक्का करते हुये, दिनांक 24/09/2005 पंजीकृत अनुबंध पत्र उप-पंजीयक कार्यालय जगदलपुर के समक्ष विक्रय अनुबंध पत्र का पंजीयन कराया गया एवं अग्रिम राशि का भुगतान किया जा चुका है।

पंजीकृत अनुबंध पत्र में यह शर्त रखी गई थी कि उपरोक्त वर्णित सम्पदा के संबंध में व्यवहार वाद लंबित है, व्यवहार वाद का निराकरण होने के एक माह भीतर अनुबंधित भूमि को क्रेतागण के पक्ष में पंजीयन किया जाना निर्धारित किया गया था। उक्त व्यवहार वाद का निराकरण न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 1, जगदलपुर के न्यायालय से राजीनामा निर्णय एवं डिकी पारित किया जा चूका है। उक्त व्यवहार न्यायालय के निर्णय के अनुसार किरण वज्जलवार के मृत्यु के उपरांत उनके विधिक वारिश श्रीमती अर्चना वज्जलवार पति स्व. किरण वज्जलवार एवं यशराज वज्जलवार पिता स्व. किरण वज्जलवार को कुल रकबा 0.284 हेक्टेयर एवं परिवर्तित क्षेत्रफल 279 वर्गफुट भूखण्ड का स्वत्वाधिकारी घोषित किया जा चूका है। पंजीकृत अनुबंध पत्र के अनुसार उपरोक्त वर्णित भूमि को अनुबंधित क्रेतागण के पक्ष में पंजीयन किया जाना है, अनुबंधित क्रेतागण बकाया प्रतिफल राशि अदा कर पंजीयन करने के लिए तत्पर है। तथा वर्तमान भूमि स्वामी अनुबंध पत्र के शर्तानुसार मेरे पक्षकार के पक्ष में पंजीयन करने के लिए बाध्य है।

अतः आम जनता को आगाह किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पदा पर श्रीमती अर्चना वज्जलवार एवं यशराज वज्जलवार का नाम रकबा 0.284 हेक्टे. एवं परिवर्तित क्षेत्रफल 279 वर्गफुट पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज हो चूका है। तथा विश्वस्त सूत्रों से मेरे पक्षकार को ज्ञात हो चूका है कि उक्त अनुबंधित सम्पदा को जमीन दलालो के माध्यम से अफरा तफरी कर अन्यत्र विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। अनुबंधित भूमि का यदि कोई भी संव्यवहार किया जाता है, तो सम्पदा विवादित होने के कारण संभावित क्रेतागण को स्वत्व का अर्जन नहीं होता है, तथा वे व्यक्तिगत रूप से परिणामों के लिए स्वयं उत्तरदायीं होंगे।

सो सूचना जाने ।

स्थान जगदलपुर
दिनांक 27/07/2026

मोहन राव
अधिवक्ता
कुम्हारपारा, जगदलपुर
जिला बस्तर (छ.ग.)

# एनडीआरएफ ने सिखाए जीवन रक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड़

मद्देड़ जिला बीजापुर के ब्लॉकों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ द्वारा फेमेक्स कार्यक्रम के तहत आपदा प्रबंधन एवं जीवन रक्षा प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय में विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

तृतीय वाहिनी एनडीआरएफ मुंडली, कटक, ओडिशा की विशेषज्ञ टीम द्वारा सीएमओ डॉ. नीरज कुमार, उप निरीक्षक डीके सामोता एवं उनकी टीम के नेतृत्व में स्कूली छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार की आपदाओं और हादसों से बचाव तथा दूसरों की जान बचाने की कला सिखाई गई। एनडीआरएफ की एक टीम भिलाई में भी कार्यरत है, जो त्वरित राहत कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आपदा प्रबंधन और प्राथमिक उपचार का व्यावहारिक ज्ञान प्रशिक्षण के दौरान एनडीआरएफ के जवानों ने छात्र-छात्राओं को आपदा के समय संयम बनाए रखने और त्वरित प्राथमिक उपचार के व्यावहारिक तरीके दिखाए। जिसमें बाढ़, आगजनी, भूकंप और अचानक होने वाले हादसों से सुरक्षित निकलने के तरीके, डूबते हुए व्यक्ति को बचाना, उपलब्ध संसाधनों जैसे खाली बोतल, बाल्टी आदि से फ्लोटिंग डिवाइस बनाना, सीपीआर देने की सही तकनीक, घायलों की स्ट्रेचर तैयार करना और आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार प्रदान करना। शिक्षकों एवं समन्वयकों व प्राचार्य निवास जंगम और सीएसी राजकुमार कोंड्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने एनडीआरएफ टीम के इस पहल की सराहना की और छात्रों को जीवन रक्षक ज्ञान को अपने दैनिक जीवन एवं समाज में साझा करने के लिए प्रेरित किया।



## गीदम में नवीन आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ

**दंतेवाड़ा/गीदम**। दंतेवाड़ा जिले के गीदम ब्लॉक में नागरिकों को आधार संबंधी सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए नवीन आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। केंद्र का उद्घाटन गीदम जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष दिनेश कौशल एवं जनपद सदस्य मुन्नू राम कश्यप ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि आधार सेवा केंद्र के प्रारंभ होने से क्षेत्र के लोगों को अब आधार नामांकन, संशोधन एवं अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में नहीं जाना पड़ेगा। कार्यक्रम के दौरान सीएससी जिला प्रबंधक मिथलेश साहू ने गीदम जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बलराम ध्रुव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से आधार सेवा केंद्र के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध हो सका, जिससे यह सुविधा अब गीदम ब्लॉक के नागरिकों तक सहज रूप से पहुंच सकेगी।

# पेंशनरों को नहीं मिली महंगाई राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जनवरी से लंबित 2 प्रतिशत महंगाई राहत की घोषणा अब तक नहीं किए जाने से पेंशनरों में गहरी नाराजगी है। सरकार लंबित 2 प्रतिशत महंगाई राहत केंद्र द्वारा देय तिथि जनवरी से एरियर सहित देने की घोषणा तत्काल करे अन्यथा पेंशनर आंदोलन के राह पर जाने को बाध्य हो जायेंगे। उक्त बातें भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर जिले के जिलाध्यक्ष आनिध्य कुमार बागची एवं जिला सचिव एलएस नाग ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही।

बागची ने कहा कि प्रांतीय इकाई के आव्हान पर भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर जिला के पेंशनरों के द्वारा आंदोलन के प्रथम चरण के रूप में आगामी 5 अगस्त को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा जायेगा। मांग पूरी न होने पर आंदोलन के दूसरे चरण में संभागीय अध्यक्ष राम नारायण ताटी के नेतृत्व में संभागीय स्तर पर आंदोलन की रूप रेखा तय की जाएगी। नेता द्वय बागची एवं एलएस नाग ने कहा कि अब चूंकि मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 (6 ) के तहत दोनों प्रांतों के बीच आपसी सहमति की बाध्यता भी समाप्त हो गई है इसलिए छत्तीसगढ़ सरकार को चाहिए कि पेंशनरों के लंबित महंगाई राहत की घोषणा तत्काल करते हुए पेंशनरों को राहत प्रदान करे।

महंगाई राहत की मांग करने वालों में किशोर कुमार जाधव, अब्दुल सत्तार खान, शिव कुमार मिश्रा, रमापति दुबे, मनीराम कश्यप, मोतीलाल शोरी,समारू राम कौशिक, एसडी माझी, बीएस नेताम, अनिता राज, करमजीत कौर, डॉ. सुषमा झा, जयमनी ठाकुर, ऊषा चिखलीकर एवं शुभ्रा कुंडू शामिल हैं।

**न्यायालय तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**/ / ईश्तहार / /**

रा.प्र.क्र./202607151000085/ ब-121/2025-26

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक सम्पत कश्यप पिता स्व. सुदरू कश्यप जाति माडिया ग्राम धुरागांव तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदक अपनी मां मंगलदई कश्यप पिता सुकलो का जन्म दिनांक 01/01/1975 को दर्शाया गया।

जिसकी पेशी दिनांक 31/07/2026 को नियत किया गया है, वह उद्घोषणा ग्राम पंचायत धुरागांव के सूचना पटल में देखा जा सकता है । अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति ग्रामवासी पंचायत को किसी भी तरह की कोई आपत्ति है, तो यह उद्घोषणा जारी नियत तिथि के भीतर इस कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । समय उपरांत प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

जारी दिनांक :- 17/07/2026

मुहर

तहसीलदार
लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

**जगदलपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देशानुसार, बिजली विभाग में बिजली बिल एवं स्मार्ट मीटर से होने वाली सम्स्याओं को लेकर परेशान हो रहे आम उपभोक्ताओं और जनता की मदद के लिए ब्लॉक स्तरीय प्रभारीगण व प्रतिनिधियों का गठन कर कांग्रेस पार्टी द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। यह आदेश शहर जिला कांग्रेस कमेटी प्रभारी महामंत्री अभिषेक नायडू ने जारी की है। प्रभारीगण व प्रतिनिधि पॉवर हाउस चौक बिजली ऑफिस में व धरमपुरा स्थित बिजली ऑफिस के समक्ष बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान करेंगे।

### पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय में भरा बारिश का पानी



**जगदलपुर।** बस्तर संभाग में इन दिनों भारी बारिश का दौर जारी है, जिसके चलते बुधवार को तेज बारिश के चलते धरमपुरा रोड स्थित पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय में बारिश का पानी भर गया। इससे कार्यालय कर्मचारियों ने शाम तक इंतजार किया, लेकिन कार्यालय के अंदर भरा पानी हटने की बजाय बढ़ने लगा। इसके चलते अधिकारी एवं कर्मचारी परेशान रहे।

### वेलूवन बुद्धविहार में श्रद्धा व भक्ति के साथ मना वर्षावास



**जगदलपुर।** आषाढ़ पूर्णिमा के पावन अवसर पर शहर के वेलूवन बुद्धविहार में वर्षावास का श्रद्धा एवं भक्ति के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपासक-उपासिकाओं ने उपस्थित होकर त्रिशरण, पंचशील ग्रहण किया तथा धम्म कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में पूज्य भंतेजी ने धम्म देशना देते हुए वषार्वास के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वषार्वास आत्मसंयम, ध्यान, अध्ययन एवं धम्म साधना का विशेष काल है। साथ ही आषाढ़ पूर्णिमा के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि इसी दिन भगवान बुद्ध ने सारनाथ में पंचवर्गीय भिक्षुओं को प्रथम धम्मदेशना देकर धम्मचक्र प्रवर्तन किया था। वषार्वास के दौरान उपासक-उपासिकाओं से नियमित रूप से धम्म साधना एवं कार्यक्रमों में सहभागी बनने का आग्रह किया गया। समाज के अध्यक्ष पीडी मेश्राम एवं सचिव कमलेश रामटेके ने बताया कि वषार्वास अवधि में विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे समाज में धम्म, शील एवं प्रज्ञा का प्रसार हो सके। कार्यक्रम में सुचित्रा रंगारे, बिंदिया नाग, शालिनी गौरखेड़े, श्यामा, डॉ. मनीष मेश्राम, रामू गनवीर, एनके रंगारे सहित बड़ी संख्या में उपासक-उपासिकाएं उपस्थित रहे।

### बस्तर में अगले 48 घंटे झमाझम बारिश के आसार

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग में अगले 48 घंटे तक मानसून पूरी तरह सक्रिय रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, ओडिशा की ओर बढ़ी गहरी दबाव प्रणाली (डीप डिप्रेशन) के प्रभाव से बस्तर में लगातार बादल छाए रहेंगे तथा अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 30 और 31 जुलाई के दौरान जगदलपुर सहित दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव और कांकेर जिलों में रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी रह सकता है। कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ तेज हवाएं भी चलने की संभावना है। लगातार वर्षा के कारण नदी-नालों का जलस्तर बढ़ सकता है तथा निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनने के आसार है । मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने, तेज बारिश के समय सुरक्षित स्थानों पर रहने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में उफनते नालों और पुल-पुलियों को पार नहीं करने की सलाह दी है।

# बच्चों के प्रति संवेदनशील और बाल-हितैषी रहें कर्मचारी

## बस्तर बाल कल्याण समिति का औचक निरीक्षण, बाल गृहों की व्यवस्था जांची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के प्रावधानों के तहत बाल कल्याण समिति (न्यायपीठ) जिला बस्तर द्वारा जिले की पंजीकृत बाल देखरेख संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासकीय बाल गृह (बालक), बालिका गृह, खुला आश्रय गृह (बालक), बस्तर सामाजिक जन विकास समिति तथा सेवा भारती (मातृ छाया) विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी, जगदलपुर का विस्तृत अवलोकन किया गया। बाल कल्याण समिति (न्यायपीठ) जिला बस्तर के अध्यक्ष नरेन्द्र पाणिग्राही ने बताया कि निरीक्षण के दौरान संस्थाओं में बच्चों के लिए उपलब्ध साफ-सफाई, पौष्टिक भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य परीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था तथा समग्र देखरेख की गुणवत्ता का गहन परीक्षण किया गया। समिति ने संस्था अधीक्षकों एवं कर्मचारियों को बच्चों के प्रति संवेदनशील एवं बाल हितैषी व्यवहार बनाए रखने तथा सभी आवश्यक सुविधाओं को और बेहतर करने के निर्देश दिए। बारिश के मौसम को देखते हुए समिति ने सभी संस्थाओं को बाल गृहों में निवासरत बच्चों के लिए तत्काल छाता एवं रेनकोट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए, ताकि बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। समिति ने बताया कि जिले की सभी पंजीकृत बाल देखरेख संस्थाएं किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप संचालित हो रही हैं। देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए इन संस्थाओं का प्रत्येक माह कम से कम दो बार नियमित निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान समिति सदस्यों ने संस्थाओं में संधारित विभिन्न पंजियों एवं अभिलेखों का सूक्ष्म परीक्षण किया। साथ ही बालक-बालिकाओं एवं कर्मचारियों से व्यक्तिगत चर्चा कर व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। पूर्व निरीक्षण के दौरान बताई गई कमियों का संस्थाओं द्वारा सफलतापूर्वक निराकरण किए जाने पर समिति ने संतोष व्यक्त किया।



### बाल गृहों की व्यवस्था संतोषजनक

निरीक्षण उपरांत बाल कल्याण समिति ने संस्थाओं के कार्य एवं व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताते हुए भविष्य में भी इसी स्तर की गुणवत्ता एवं बच्चों के सर्वोत्तम हितों को सुनिश्चित करने की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के सदस्य संतोष जोशी, वर्षा श्रीवास्तव, श्रीमती धनेश्वरी वर्मा सहित संबंधित संस्थाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## साईं बाबा की फलों से विशेष अर्चना एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया

# गुरु पूर्णिमा पर साईं मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





धरमपुरा मार्ग स्थित साईं बाबा मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को बस्तर में हो रही झमाझम बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था भारी पड़ी। बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने और उनका आशीर्वाद पाने के लिए सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा, जिससे पूरा मंदिर परिसर साईं के जयकारों से गूंज उठा। तीन दिवसीय इस गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। दोपहर में महाआरती के बाद महाभंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति और स्वयंसेवकों ने पूरे आयोजन की व्यवस्थाएं संभालीं। शाम को साईं बाबा की फलों से विशेष अर्चना एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। कार्यक्रम का समापन भव्य महाआरती के साथ हुआ।

### शिक्षकों का हुआ तिलक लगाकर सम्मान



शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 में गुरु पूर्णिमा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख स्नेहलता दीवान ने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को गुरुजनों के प्रति सम्मान, अनुशासन और आदर बनाए रखने का संदेश दिया।

इस अवसर पर कक्षा 11वीं की छात्राएं भारती पांडेय एवं निहारिका यादव तथा कक्षा 10वीं की छात्रा सृष्टि ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। संस्कृत की व्याख्याता हिरवानी मैडम ने गुरु-शिष्य परंपरा और भारतीय संस्कृति में गुरु के सर्वोच्च स्थान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

संस्था प्रमुख ने विद्यार्थियों से गुरुजनों के बताए मार्ग पर चलकर जीवन में सफलता अर्जित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी गुरुजनों का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी पायल पांडे ने किया।

### भरी बरसात के बीच हवन पूजन व हुआ भंडारा

भारी बारिश के मध्य बुधवार को अंबेडकर वार्ड स्थित शिव-साईं मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। हवन पूजन पश्चात भंडारा आयोजित किया गया। प्रसाद पाने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस मंदिर परिसर में भगवान गणेश के अलावा शिवलिंग और हनुमान जी की भी प्रतिमा है। वार्डवासी पिछले 20 वर्षों से यहां गुरु पूर्णिमा पर्व बड़े हर्ष और उत्साह के साथ बनाते आ रहे हैं। अंबेडकर वार्ड निवासी बंसी दहिया ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था, लेकिन पारिवारिक परिस्थितियों के चलते वह मंदिर छोड़कर चले गए। वार्ड की महिलाओं ने ही बाबा का अभिषेक कर हवन, पूजन किया, तत्पश्चात प्रसाद वितरित किया गया।

# अरनपुर-जगरगुंडा मार्ग 48 घंटे के लिए बंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के बड़े बचेली अनुभाग के अंतर्गत आने वाले अरनपुर-जगरगुंडा घाटी मार्ग क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन के भारी खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। प्रशासन ने आगामी 48 घंटे और बारिश की अवधि तक इस पूरे मार्ग पर आम आवागमन को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है।

■ भूस्खलन के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने लगाया प्रतिबंध

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, इस घाटी मार्ग पर बीते 28 जुलाई की रात को बड़ा लैंडस्लाइड हुआ था। इसके बाद लोक निर्माण विभाग और स्थानीय प्रशासन ने करीब 6 घंटे की कड़ी मशक्कत और मलबे की सफाई के बाद मार्ग को अस्थाई रूप से दुरुस्त कर यातायात बहाल किया था। हालांकि, इसके बाद बचेली तहसीलदार और पीडब्ल्यूडी के एसडीओ ने जब मौके पर पहुंचकर संयुक्त मुआयना और जांच की, तो स्थिति बेहद चिंताजनक पाई गई। पहाड़ से पानी के साथ लगातार मिट्टी का रिसाव हो रहा है, जिससे यहां कभी भी दोबारा भूस्खलन होने की गंभीर संभावना बनी हुई है।

अधिकारियों की जांच में यह बात भी सामने आई है कि वर्तमान भूस्खलन स्थल के अलावा पूरी घाटी के अन्य संवेदनशील हिस्सों में भी पेड़ गिरने और नया लैंडस्लाइड होने का खतरा मंडरा रहा है। लगातार हो रहे पानी के तेज बहाव के कारण सड़क के किनारे का क्रस्ट पूरी तरह से खोखला और क्षतिग्रस्त हो चुका है। ऐसे में भारी वाहनों या आम वाहनों के गुजरने पर सड़क धंसने का बड़ा जोखिम है।

### घाटी मार्ग की ओर न जाएं

सड़क की इस जर्जर और खतरनाक स्थिति को देखते हुए जान-माल की सुरक्षा के लिहाज से जिला प्रशासन ने तुरंत इस रूट को बंद करने का आदेश जारी किया है। प्रशासन ने क्षेत्र के ग्रामीणों और वाहन चालकों से अपील की है कि वे अगले 48 घंटों तक इस मार्ग पर सफर करने से बचें और किसी भी आपातकालीन स्थिति में वैकल्पिक रास्तों का ही उपयोग करें।

# एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन शालाओं की स्थिति पर जिला पंचायत में हुई रायशुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जिला पंचायत के सभागार में सोमवार को शिक्षा समिति के सभापति बलदेव मंडावी की अध्यक्षता में आयोजित शिक्षा समिति की बैठक में जिले की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। जिले की शिक्षा प्रणाली से जुड़े विभिन्न व्यावहारिक और प्रशासनिक पहलुओं की समीक्षा की गई। इस क्रम में एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन शालाओं की स्थिति पर विशेष चर्चा करते हुए, संलग्नीकरण समाप्त होने के बाद शिक्षकों को उनकी मूल शालाओं में वापस भेजने के निर्देशों पर विचार किया गया। इसके साथ ही जिले के मरम्मत योग्य शाला भवनों की स्थिति की समीक्षा कर उनके आवश्यक सुधार एवं रखरखाव पर जोर दिया गया।

■ मरम्मत योग्य शाला भवनों की स्थिति की पर भी हुई चर्चा

वहीं योजनाओं और शैक्षणिक प्रक्रियाओं की समीक्षा करते हुए स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में नियमानुसार पारदर्शी प्रवेश प्रक्रिया तथा सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत बालिकाओं को मिली साइकिलों के उपयोग से शाला आगमन को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया। सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शाला प्रबंधन समिति के पुनर्गठन और उनकी नियमित बैठकों के आयोजन पर भी चर्चा हुई। वहीं विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आश्रम तथा छात्रावासों में बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने सहित मौसमी बीमारियों से बचाव एवं पर्याप्त मच्छरदानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने बताई कार्ययोजना

जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने आगामी सत्र 2026-27 के लिए शिक्षा विभाग द्वारा तैयार की गई विशेष कार्ययोजना की जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया कि शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल करने और विद्यार्थियों के सीखने के स्तर को बेहतर बनाने के लिए सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

### ये रहे मौजूद

बैठक में जिला पंचायत सदस्य बनवासी मौर्य, कामदेव बघेल, शकुंतला कश्यप एवं ललिता कश्यप सहित डीएमसी अशोक पांडे, एडीपीओ जयंती कश्यप, एपीसी राकेश खापर्डे समेत सभी विकासखंडों के विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड स्रोत समन्वयक उपस्थित थे।

# शाला संसद का गठन, छात्र प्रतिनिधियों ने ली शपथ



**जगदलपुर।** विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदावाड़ा में शाला संसद गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ. गंगाराम कश्यप के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि शाला संसद विद्यार्थियों में नेतृत्व, उत्तरदायित्व, अनुशासन तथा सेवा भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से विद्यालय के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर ओमकार बघेल ने शाला नायक तथा देयमती ठाकुर ने उप शाला नायिका के रूप में शपथ ग्रहण की। विभिन्न विभागों के लिए अनुशासन मंत्री के रूप में कुमबती मौर्य एवं हिड़मो कावासी, खेल मंत्री कुमारी सावली बघेल एवं दीपक कश्यप, सांस्कृतिक मंत्री कुमारी कविता मौर्य एवं उमेश, पर्यावरण मंत्री कुमारी बुदमनी एवं उमेश यादव, स्वच्छता मंत्री कुमारी चम्पा वेट्टी एवं आशीष ध्रुव, स्वास्थ्य मंत्री कुमारी प्रियंका कश्यप एवं देवेन्द्र सेठिया, शिक्षा मंत्री कुमारी प्रमिला नाग एवं तिलक नाग तथा वित्त मंत्री कुमारी नवीना नाग एवं अंकित कुमार बघेल ने अपने-अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। कार्यक्रम में उप प्राचार्य विजय कुमार कश्यप, व्याख्याता वंदना साव, सोमारू राम उइके, काशीनाथ मौर्य, तुलसी राम नाग, पदलाम सिंह बैस, दीनमनी ध्रुव, सहायक शिक्षक (विज्ञान प्रयोगशाला) बसंत कुमार, भुनेश्वर सिंह एवं संजय केरकेट्टा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।






# धारदार हथियार से लोगों को डरा रहा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कोतवाली थाना क्षेत्र के हार्टीकल्चर कालेज गेट के पास धरमपुरा में धारदार चाकू लहराकर आमजनों डरा धमका कर भयभीत करने वाले आरोपी पर बस्तर पुलिस की बड़ी कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद एसपी शलभ सिन्हा के निर्देश, एएसपी सुखनंदन राठौर के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार धोत्रे के पर्यवेक्षण में नगर निरीक्षक लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम रवाना किया गया था। मौके पर पहुंचकर टीम ने आरोपी गौतम निषाद 22 साल निवासी धरमपुरा नम्बर एक दुर्गा चौक को हिरासत में लिया। आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू को बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, पीएसआई भूपेन्द्र पैकरा, एएसआई भुनेश्वर पांडे, प्रधान आरक्षक अमृत लाल ध्रुव, आरक्षक वरुण ठाकुर, हरीश, तोमन बघेल, बलराम, भीम व तामेश्वर चंद्राकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# हेपेटाइटिस दिवस पर संक्रामक रोग से बचने दी गई उपयोगी जानकारी

**जगदलपुर।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर आत्मानंद विद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुष विभाग की दीपिका जोशी ने हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी एवं ई के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस बी एक गंभीर संक्रामक बीमारी है, जो संक्रमित रक्त या शरीर के द्रव के संपर्क, संक्रमित सुई या इंजेक्शन के उपयोग, असुरक्षित यौन संबंध तथा संक्रमित मां से नवजात शिशु में फैल सकती है। उन्होंने कहा कि समय पर हेपेटाइटिस-बी का टीकाकरण कराकर, सुरक्षित इंजेक्शन का उपयोग, जांचे हुए रक्त का ही उपयोग तथा व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाकर इस बीमारी से प्रभावी बचाव किया जा सकता है। इस दौरान चेतन चाइल्ड एंड वूमेन वेलफेयर सोसाइटी की कनक कश्यप ने एचआईवी एड्स के संबंध में जानकारी देते हुए इसके संक्रमण के कारण, रोकथाम एवं जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से भ्रांतियों से दूर रहकर सही एवं वैज्ञानिक जानकारी अपनाने तथा सुरक्षित व्यवहार करने का आग्रह किया। प्राचार्य अंबिका ध्रुव ने छात्र-छात्राओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, स्वच्छता बनाए रखने तथा संक्रामक रोगों से बचाव के प्रति सदैव जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम का संयोजन केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी बीएस ध्रुव ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों तक स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी पहुंचाना, उन्हें संक्रामक रोगों से बचाव के प्रति जागरूक बनाना तथा स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन के लिए प्रेरित करना है।